स्पीड पोस्ट/अतिआवश्यक

फा.सं 15011/116/2014-एच.आर. III
भारत सरकार, गृह मंत्रालय,
( मानव अधिकार प्रभाग )

चौथा तल, एन.डी.सी.सी.-II भवन
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक 8 जुलाई 2014

सेवा में

श्री प्रकाश हडाले,
दयानगर, वाल्मिकी कॉलोनी,
60 फुट रोड, अलवर,
राजस्थान-301001

विषयः **सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने आवेदन**

महोदय,

कृप्या उपरोक्त विषय पर इस मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन संख्या ए.430202/01/2014-आर.टी.आई. दिनांक 18 जून 2014 का संदर्भ लें जिसके तहत प्रधानमंत्री कार्यालय के कार्यालय ज्ञापन संख्या आरटीआई/2231/2014-पीएमआर दिनांक 11 जून 2014 के साथ आपके दिनांक 13 अप्रैल 2014 के उपरोक्त विषयक आवेदन पत्र के बिन्दु संख्या 2 और 3 के संबंध में सूचना उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त हुआ है ।

2. मॉगी गई सूचना इस अनुभाग के रिकार्ड में उपलब्ध नहीं है, अतः वांछित सूचना **शुन्य** है । चूँकि आपके आवेदन का विषय वस्तु विदेश मंत्रालय के एल0 एण्ड टी0 प्रभाग से भी संबंधित है, इसलिए सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत आपके उपरोक्त आवेदन को संबंधित केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी को अग्रिम कार्रवाई करने और आपको सूचना प्रदान करने के लिए प्रेषित किया जा रहा है । अतः अनुरोध है कि इस मामले में अतिरिक्त सूचना प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी से पत्राचार करें ।

3. यदि आप उपरोक्त उत्तर से संतुष्ट नहीं हैं तो, आप अपना अपील इस पत्र के प्राप्ति के 30 दिनों के अन्दर, अपीलेट प्राधिकारी - श्रीमति रश्मि गोयल, संयुक्त सचिव (मानव अधिकार), गृह मंत्रालय, एन.डी.सी.सी.-II भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001 को भेज सकते हैं ।

भवदीय,

( विजय सिंह राणा )
उप सचिव(एच.आर.) एवं केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
दूरभाष/फैक्स- 011-23438110

प्रतिलिपिः

1. निदेशक (एल0 एण्ड टी0 ), एल0 एण्ड टी0 प्रभाग, विदेश मंत्रालय, आई0एस0आई0एल0, भगवान दास रोड, नई दिल्ली -110002 **अनुलग्नकः उपरोक्त**
2. श्री एस. सामंत, अवर सचिव, गृह मंत्रालय नई दिल्ली को उनके उपरोक्त संदर्भित पत्र के संदर्भ में सूचनार्थ ।
3. आई.टी.सेल, गृह मंत्रालय, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को गृह मंत्रालय के का.ज्ञा.सं. ए-43020/61/2013-आर.टी.आई. दिनांक 23.4.2014 के अनुपालना में **उपरोक्त आवेदन सहित** गृह मंत्रालय के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु ।

४. उप सचिव (एच.आर.)

-1-

सं. ए-43020/01/2014-आर टी आई

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

****

नई दिल्ली, दिनांक : 18/06/2014

कार्यालय ज्ञापन

विषय : सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत श्री/~~श्रीमती/सुश्री~~ प्रकाश इडाले का आवेदन।

*******

अधोहस्ताक्षरी को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचना मुहैया कराने के संबंध में श्री/~~श्रीमती/सुश्री~~ प्रकाश इडाले के दिनांक: 13/05/2014 के आवेदन (इस मंत्रालय में प्रधानमंत्री कार्यालय से अंतरण द्वारा दिनांक: 16/06/2014 को प्राप्त) को एच.आर. प्रभाग को अग्रेषित करने का निदेश हुआ है, क्योंकि मांगी गई सूचना उक्त प्रभाग के क्रियाकलापों से संबंधित है/निकट रूप से संबंध रखती है। यह अनुरोध किया जाता है कि यदि विषय-वस्तु का संबंध किसी अन्य केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी/लोक प्राधिकारी से है, तो आवेदक को सूचित करते हुए आवेदन को सीधे उस प्राधिकारी को अग्रेषित/अंतरित कर दिया जाये।

2. आवेदक ने 10/- रु. का निर्धारित शुल्क प्रधानमंत्री कार्यालय में ~~दिनांक........./20.... की रसीद सं...........~~ के ~~तहत~~ जमा कर दिया है ~~(संलग्न)/ नहीं किया है क्योंकि वह बी पी एल श्रेणी से संबंध रखता/रखती है।~~

संलग्नक : यथोपरि

सु. सामंत
(एस. सामंत)
अवर सचिव, भारत सरकार

1208/DS(HR-I)/14
20/6/14

सेवा में

उपसचिव (एच.आर.)
गृह मंत्रालय, एनडीसीसी-II बिल्डिंग,
नई दिल्ली

प्रति सूचनार्थ प्रेषित :

श्री/~~श्रीमती/सुश्री~~
प्रकाश इडाले
दयानगर, वालिया की कॉलोनी-
60 फुटा रोड, जलगांव - 301001 (राजस्थान)

(उनसे अनुरोध है कि इस मामले में अतिरिक्त सूचना प्राप्त करने के लिए ऊपरवर्णित केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी/लोक प्राधिकारी से संपर्क करें।)

Sh. Aslam
20/6/2014

20/06/2014

अ.अ. (एच. आर. III)

अनु० अधि० (एच.आर.-III)

2014

4255/RTI/MHA/2014
17/6/14

-2-

**स्पीड पोस्ट ए.डी**
**सूचना का अधिकार**

**प्रधान मंत्री कार्यालय**

साउथ ब्लाक, नई दिल्ली - 110 011

संख्या आरटीआई/2231/2014-पीएमआर

दिनांक: 11/06/2014

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय - सूचना का अधिकार के तहत आवेदन-पत्र

अपील प्राधिकारी के निर्देशानुसार(प्रति संलग्न), उपरोक्त विषय पर श्री प्रकाश हडाले से प्राप्त दिनांक 13.4.2014 का आवेदन-पत्र, जो इस कार्यालय में दिनांक 17.4.2014 को प्राप्त हुआ, सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 6(3) के तहत बिंदु संख्या 2 और 3 (मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा (यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राइट, 1948)) के संबंध में यथोचित कार्रवाई हेतु अंतरित किया जा रहा है।

2. आवेदक से आवेदन-शुल्क प्राप्त हो गया है।

(सैयद इकराम रिजवी)
उप सचिव एवं
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
☎: 2307 4072

Ministry of Home Affairs
नई दिल्ली/New Delhi
16 JUN 2014
डायरी सं. 137/सा०शा०/गृ०मं०

गृह सचिव, गृह मंत्रालय
नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली

**प्रति- (रजिस्टर्ड पोस्ट ए.डी. द्वारा)**

श्री प्रकाश हडाले
दया नगर, वाल्मिकी कॉलोनी
60 फूट रोड, अलवर
राजस्थान - 301 001

कृपया आप इस के संबंध में आगे सूचना हेतु उपरोक्त लोक प्राधिकरण से सम्पर्क करें। यह अंतरण अपील प्राधिकारी के पत्र दिनांक 5.6.2014 के आदेशानुसार किया जा रहा है।

अनुभाग अधिकारी,
सूचना का अधिकार अनुभाग,
गृह मन्त्रालय, नई दिल्ली

DS (HR)

-3-

2231/14

आरटीआई मैटर

सेवामें,

केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी,
प्रधानमंत्री कार्यालय, भारत सरकार,
नई दिल्ली।

विषयः— नागरिको के मूल अधिकारो से सम्बन्धित सूचनायें प्राप्त करने बाबत। धारा 6(3) सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी को अन्तरित करने हेतु।

महोदय,

उपरोक्त विषय अन्तर्गत निम्नलिखित सूचनाये प्राप्त करना चाहता हूं। रसीद फिस के लिए 10/– (दस) का पोस्टल ऑर्डर सं. 73C-085434-35 संलग्न है।

Not specific 1&3 — 1. भारतीय संविधान अन्तर्गत व्यक्तियो के मौलिक अधिकारो के लिये भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा किये गये व किये जा रहे कार्यो का विवरण। (आदेश परिपत्र आदि उपलब्ध करावे)

2. मानव अधिकारो की सार्वभोम घोषणा (यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ हयूमन राईट 1948) पर भारत सरकार द्वारा कब स्वीकार किया गया।(आदेश परिपत्र आदि उपलब्ध करावे)

3. मानव अधिकारो का सार्वभोम घोषणा (यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ हयूमन राईट 1948) में उल्लेखित विभिन्न अनुच्छेदो अनुसार उनका क्रियान्वयन भारत देश में किया जा रहा है का विवरण।

4. मूल अधिकारो को न्यून (समाप्त) करने की कोई भी विधि भारत/राज्य सरकारो द्वारा बनाई जाने का संविधान के किस अनुच्छेद में उल्लेख है।

5. भारतीय संविधान के किसी भी अनुच्छेद में व्यक्तियों द्वारा संतानो के जन्म दिये जाने व सीमित संख्या एवं उनके सम्पूर्ण पालन पोषण पर प्रतिबन्ध लगाये जा सकने का प्रावधान है या नहीं।

URGENT
RTI ACT
No. 16952
Date 17/4/2014
Date for Disposal 17/5/2014

संलग्नः भा.पो.ऑ.सं.
73C-085434-35
(राशी=5X2=10)

13 APR 2014

आवेदक/भवदीय
13/4/14
प्रकाश हडोले
निवासी– दया नगर वाल्मिकी कॉलोनी
60 फुट रोड अलवर (राज.) 301001
MOB = 09785566898,

3939135

IPO NO 73C 085434 of Rs 5/
085435 of Rs 5/ S 10/-

स्पीड पोस्ट एडी
सूचना का अधिकार

प्रधान मंत्री कार्यालय
PRIME MINISTER'S OFFICE
साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली – 110 011
South Block, New Delhi – 110 011

संख्या आरटीआई/2231/2014-पीएमआर

दिनांक 5 जून, 2014

सेवा में,

श्री प्रकाश हडाले
दया नगर, वाल्मिकी कॉलोनी
60 फुट रोड, अलवर
राजस्थान-301 001

विषय - सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अपील पर निर्णय।

महोदय,

कृपया अपने दिनांक 3.5.2014 के पत्र, जो दिनांक 07.05.2014 को प्राप्त हुआ है, का संदर्भ लें जिसे आपने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अपील के रूप में प्रस्तुत किया है।

2. अभिलेख के अवलोकन से विदित होता है कि आपने अपने दिनांक 13.4.2014 के सूचना का अधिकार आवेदन-पत्र, जो इस कार्यालय में दिनांक 17.4.2014 को प्राप्त हुआ था, में भारतीय संविधान अंतर्गत व्यक्तियों के मौलिक अधिकारों के लिए भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों, मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा (यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राईट, 1948) को भारत सरकार द्वारा अपनाए और कार्यान्वित किए जाने से संबंधित आदेशों की प्रतियां तथा जनसंख्या नियंत्रण के संबंध में भारतीय संविधान के प्रावधानों के बारे में सूचना मांगी थी।

3. प्रधान मंत्री कार्यालय के केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी ने दिनांक 23.4.2014 के पत्र द्वारा आपको सूचित किया था कि बिंदु संख्या 1 से 3 में मांगी गई सूचना विशिष्ट नहीं है। बिंदु संख्या 4 और 5 के संबंध में आपको अवगत कराया गया था कि इन बिंदुओं में मांगी गई सूचना राय/स्पष्टीकरण मांगने से संबंधित है जो कि सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 2(च) में दी गई सूचना की परिभाषा में नहीं आता है।

E/C

4. अपील में आपने प्रधान मंत्री कार्यालय के केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा दिनांक 23.4.2013 के जवाब का संदर्भ देते हुए लेख किया है कि बिंदु संख्या 2 और 3 में मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा (यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राईट, 1948) को भारत सरकार द्वारा अपनाए और कार्यान्वित किए जाने के संबंध में मांगी गई सूचना